दिनांक–09.02.2026 को गन्ना यंत्रिकरण योजना (2025–26) अंतर्गत SuMech Portal के माध्यम से गन्ना यंत्र निर्माता के सूचीबद्धता हेतु VC (Hybrid Mode) के माध्यम से आयोजित बैठक की कार्यवाही:–

उपस्थिति:– संयुक्त ईखायुक्त, बिहार, पटना/उप निदेशक, कृषि अभियंत्रण, बिहार, पटना/डा० आर.पी. सी. ए.यू. पूसा समस्तीपुर के फार्म मशीनरी के मनोनित प्रतिनिधि/सहायक निदेशक, (शष्य) मु०, द्वारा बैठक में भाग लिया गया।

1. कृषि यंत्र निर्माताओं द्वारा निर्मित कृषि यंत्रों के मेक/मॉडल को सूचीबद्ध करने हेतु ईखायुक्त, बिहार, पटना की अध्यक्षता में दिनांक–09.02.2026 के बैठक में सर्वप्रथम सहायक निदेशक, (शष्य) मुख्यालय सूचीबद्धता समिति द्वारा बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों का स्वागत किया गया। उनके द्वारा बैठक की कार्यावली एवं SuMech Portal के माध्यम से प्राप्त विभिन्न 9 (नौ) निर्माताओं के आवेदन एवं यंत्रो के टेस्ट रिर्पोट के आधार पर तैयार की गई कृषि यंत्रों के मेक/मॉडल (विवरण सहीत) की सूची संबंधित यंत्रों के टेस्ट रिर्पोट एवं अन्य संबंधित कागजात समिति के समक्ष अवलोकनार्थ रखा गया।

2. समिति द्वारा उक्त सूची में अंकित 9 (नौ) निर्माताओं के कुल 23 मॉडलों के टेस्ट रिर्पोट तथा अन्य संबंधित कागजात का अध्ययन कर गुण–दोष के आधार पर गुणवत्तापूर्ण यंत्रो के 08 निर्माताओं के कुल 17 मॉडलों को गन्ना यंत्रिकरण योजना अंतर्गत किसानों को अनुदान दिये जाने हेतु सूचीबद्ध करने की अनुशंसा की गई।

3. समिति द्वारा निर्णय लिया गया कि अनुशंसित एवं गैर–अनुशंसित (कारण सहित) कृषि यंत्रों के मॉडलों की सूची को SuMech Portal एवं विभागीय बेबसाईट पर अपलोड करते हुए सभी संबंधित निर्माताओं के e-mail पर भी भेजा जाए ताकि समिति द्वारा गैर–अनुशंसित किये गए मॉडलों के संबंध में उनके द्वारा अपना पक्ष रखा जा सके।

4. सूचीबद्धता समिति द्वारा यह भी सुझाव दिया गया कि भारत सरकार या राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त गन्ना से संबंधित अनुसंधान संस्थान द्वारा विकसित प्रोटोटाइप के अनुसार निर्माताओं के द्वारा निर्मित यंत्र के सत्यापन प्रमाण पत्र के आधार पर यंत्रों एवं उनके निर्माताओं को भी SuMech Portal पर सूचीबद्ध किया जा सकता है।

5. निर्माता वांछित कागजात एक सप्ताह में उपलब्ध करायेंगें। गैर–अनुशंसित कृषि यंत्रो के निर्माताओं द्वारा प्राप्त पक्ष पर विचारोपरान्त उक्त यंत्रो के मॉडलों को सूचीबद्ध करने की अग्रेत्तर कार्रवाई की जा सकेगी।

अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक की कार्रवाही समाप्त की गयी।

ईखायुक्त,
बिहार, पटना।

ज्ञापांक–01/विकास–यो०–231/2025 375/ईखा० पटना, दिनांक– 17. फरवरी 2026

प्रतिलिपि– गठित सूचीबद्धता समिति के सभी सदस्यों/सभी संबंधित पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ईखायुक्त,
बिहार, पटना।

ज्ञापांक–01/विकास–यो०–231/2025 375/ईखा० पटना, दिनांक– 17. फरवरी 2026

प्रतिलिपि– ईखायुक्त, बिहार के निजी सहायक को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ईखायुक्त,
बिहार, पटना।

17 Vis proceeding

Scanned with OKEN Scanner